# दोहे

Question 1.
कृष्ण द्वारा अपनी मुरली माँगने पर गोपियाँ क्या करती
(a) कृष्ण को उनकी मुरली लौटा देती हैं
(b) वे मना कर देती हैं कि हमारे पास मुरली नहीं है
(c) वे बाद में लौटाने की बात कहती हैं
(d) वे कहती हैं कि राधा ने चुराई है

▼ Answer

Answer: (b) वे मना कर देती हैं कि हमारे पास मुरली नहीं है
वे कह देती हैं कि उनके पास मुरली नहीं है।

---

Question 2.
नायक और नायिका परिजनों के सामने किस प्रकार बातें कर लेते हैं ?
(a) टेलीफोन के द्वारा
(b) पत्र लिखकर
(c) आँखों ही आँखों में
(d) घर से बाहर जाकर

▼ Answer

Answer: (c) आँखों ही आँखों में।

---

Question 3.
विरह-वेदना के कारण नायिका की कैसी स्थिति हो गई है ?
(a) वह अपना संदेश कागज पर नहीं लिख सकती
(b) उसका शरीर विरह-वेदना से जल रहा है
(c) उसके हाथ-पैर काँप रहे हैं
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 4.
कवि बिहारी अपने कष्ट हरने की विनती किससे कर रहे हैं ?
(a) श्रीकृष्ण से
(b) अपने पिता केसवराय से
(c) श्रीकृष्ण व अपने पिता केसवराय से
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) श्रीकृष्ण जी से व अपने पिता केसवराय से।

---

Question 5.
भगवान की प्राप्ति कैसा करने से संभव नहीं है ?
(a) मन में ईश्वर की भक्ति करने से
(b) निर्विकार भाव से
(c) माला जपने व मस्तक पर छाप और तिलक लगाने
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) माला जपने पर मस्तक पर छाप व तिलक लगाने से।

---

Question 6.
मन कच्चा होने से कवि का क्या अर्थ है?
(a) मन ईश्वर की भक्ति में लगना
(b) मन पर नियंत्रण न होना
(c) मन दुःखी होना
(d) मन चंचल होना

▼ Answer

Answer: (b) मन पर नियंत्रण न होना।

---

Question 7.
श्री कृष्ण जी ने कैसे वस्त्र धारण कर रखे है?
(a) पीले
(b) नीले
(c) हरे
(d) सफेद

▼ Answer

Answer: (a) पीले
पीले रेशमी।

---

Question 8.
श्रीकृष्ण जी किस तरह सुशोभित हो रहे हैं ?
(a) हिमालय पर्वत पर पड़ रही सुबह की धूप की तरह
(b) नीलमणि पर्वत पर पड़ रही संध्या की धूप की तरह
(c) नीलमणि पर्वत पर पड़ रही सुबह की धूप की तरह
(d) शाम की धूप की तरह

▼ Answer

Answer: (c) नीलमणि पर्वत पर पड़ रही सुबह की धूप की तरह।

---

Question 9.
'कहलाने एकत ………… दाघ निदाघ' दोहे में किस ऋतु का वर्णन है?
(a) सर्दी

(b) गर्मी
(c) वर्षा
(d) वसंत

▼ Answer

Answer: (b) गर्मी।

---

Question 10.
पूरी दुनिया भीषण गर्मी के कारण कैसी हो गई है?
(a) अग्नि की भट्टी की तरह
(b) रेगिस्तान की तरह गर्म
(c) चंदन की तरह
(d) तपोवन की तरह

▼ Answer

Answer: (d) तपोवन की तरह।

---

Question 11.
कवि ने भीषण गर्मी के कारण पीड़ित दुनियाँ की तुलना तपोवन से क्यों की है?
(a) तपोवन में ऋषि-महर्षि तप करते हैं
(b) ऋषि-मुनियों के तप के प्रभाव से वन में सभी जीव प्यार से रहते हैं
(c) भीषण गर्मी के कारण सभी जीव परस्पर वैर-भाव भुलाकर एक साथ रह रहे हैं
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 12.
गोपियों ने श्रीकृष्ण की मुरली को क्यों छुपा लिया है?
(a) श्रीकृष्ण के साथ बातें करने के लिए
(b) श्रीकृष्ण के पास यदि मुरली होती है तो वे किसी की ओर ध्यान नहीं देते
(c) श्रीकृष्ण के पास यदि मुरली नहीं होगी तो वे उनसे बात कर लेंगे
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

बतरस-लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।
सौंह करें, भौंहनु हँसै, दैन कहैं नटि जाइ ॥
कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।
भरे भौन मैं करत हैं नैननु ही सब बात ॥

Question 1.
गोपियों ने कृष्ण जी से बात करने के लिए उनकी क्या चीज छुपा ली ?
(a) कम्बली
(b) लाठी
(c) मुरली
(d) चादर

▼ Answer

Answer: (c) मुरली।

---

Question 2.
गोपियाँ मुरली को क्या समझती हैं ?
(a) अपनी मित्र
(b) अपनी शत्रु
(c) बहुत प्यारी
(d) अपनी सौत

▼ Answer

Answer: (d) अपनी सौत।

---

Question 3.
गोपियों का हँसना क्या सिद्ध करता था ?
(a) कि मुरली देखी ही नहीं
(b) वे मुरली देना नहीं चाहती
(c) उन्होंने मुरली देखी ही नहीं
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) कि मुरली उनके पास ही है।

---

Question 4.
सभी आत्मीय जनों के सामने प्रेमी-प्रेमिका किस प्रकार बात करते हैं ?
(a) फोन के द्वारा
(b) निर्लज्जता के साथ
(c) धीरे-धीरे बोलकर
(d) आँखों ही आँखों में

▼ Answer

Answer: (d) आँखों ही आँखों में।

---

Question 5.
'कहत नटत ............. सब बात' दोहे में नायक और नायिका के किस मनोभाव का चित्रण हुआ है ?
(a) धैर्य का
(b) मिलन की आतुरता का
(c) उनकी सहनशीलता का
(d) उनकी कुशलता का

▼ Answer

Answer: (b) मिलन की आतुरता का।

---

(2)

सोहत ओढ़े पीतु पटु स्याम सलौने गात।
मनौ नीलमनि-सैल पर आतपु पर्यो प्रभात ॥

कहलाने एकत बसत अहि मयूर, मृग बाघ ।
जगतु तपोबन सौ कियौ दीरघ-दाघ निदाघ ॥

Question 1.
कवि और कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-
कवि : बिहारी।
कविता : बिहारी के.दोहे

---

Question 2.
पहले दोहे में कौन-किससे क्या कह रहा है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- एक दूती नायिका दूसरी से कह रही है |
- वह कृष्ण के प्रति नायिका के मन में अनुराग उत्पन्न कर रही है।

---

Question 3.
कृष्ण जी किस प्रकार सुशोभित हो रहे हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- रेशमी वस्त्रों को श्यामल शरीर पर धारण कर के
- नीलमणि पर्वत पर प्रातःकाल की धूप की तरह।

Question 4.
भीषण गर्मी के कारण जीवों की कैसी स्थिति हो गई है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वे गर्मी से बेहाल हो गए हैं
- विरोधी स्वभाव के जीव परस्पर वैर-भाव भुलाकर एक साथ रह रहे हैं
- उन्हें अपने प्राणों की पड़ी है।

---

Question 5.
कवि ने संसार की तुलना तपोवन से क्यों की है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- तपोवन में ऋषि-महर्षि तप करते हैं
- उनके तप के प्रभाव से वहाँ शांति का वातावरण रहता है
- सभी जीव परस्पर मिलजुल कर रहते हैं
- भीषण गर्मी के कारण कोई जीव किसी को हानि नहीं पहुँचा रहा है।

---

(3)

बैठि रही अति सघन बन, पैठि सदन-तन माँह।
देखि दुपहरी जेठ की छाँहों चाहति छाँह ॥

कागद पर लिखत न बनत, कहत संदेसु लजात।
कहिहै सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात ॥

Question 1.
जेठ की दोपहरी में छाया कहाँ मिलती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- सघन वन में
- घरों के अंदर।

---

Question 2.
जेठ की दोपहर में छाया वृक्षों एवं घरों से बाहर क्यों नहीं आती ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- क्योंकि सूर्य सिर पर होता है
- सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

---

Question 3.
नायिका को अपना संदेश दूसरे द्वारा नायक तक पहुँचाने में लज्जा क्यों आ रही है?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वह यह संदेश अपने प्रियतम तक भेजना चाहती है
- वह प्रेम भरा संदेश दूसरों को कैसे बता सकती है
- वह अपनी स्थिति को छुपाना चाहती है।

---

Question 4.
नायक का हृदय नायिका के मन की बात किस प्रकार समझ लेगा।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- क्योंकि उसके मन में भी वही कुछ है जो नायिका के मन में है
- नायक भी नायिका से अपनी बात कहना चाहता है।

---

Question 5.
नायिका नायक से किस प्रकार अपने मन की बात कहती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वह 'कागद .......... बात' दोहा लिखकर नायक के पास भेज देती है।

---

(4)

प्रगट भए द्विजराज-कुल सुबस बसे ब्रज आइ।
मेरे हरौ कलेस सब, केसब केसवराइ ॥

जपमाला, छापैं, तिलक सरै न एकौ कामु।
मन-काँचै नाचै वृथा, साँचे राँचे रामु ॥

Question 1.
द्विजराज कुल में कौन उत्पन्न हुए ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- श्रीकृष्ण, क्योंकि वे चंद्रवंशी थे
- बिहारी के पिता केसवराय, क्योंकि वे ब्राह्मण थे
- द्विज का अर्थ चन्द्रमा एवं ब्राह्मण दोनों है।

---

Question 2.
कवि किससे क्या विनती कर रहे हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- केशव रूपी केसवराय से अपने कष्ट हरने की
- बिहारी के पिता का नाम भी केसवराय था
- एक पिता अपने पुत्र को कोई कष्ट नहीं होने देता।

---

Question 3.
जपमाला, छापैं तिलक से कौन-सा काम नहीं सिद्ध होता?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- ईश्वर की प्राप्ति।

---

Question 4.
ईश्वर की प्राप्ति कैसे होती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- मन को ईश्वर की भक्ति में लगाने से
- मन पर नियंत्रण करने से।

---

Question 5.
यहाँ नाचना किसका प्रतीक है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- ईश्वर भक्ति का ढोंग करना
- दिखावा प्रदर्शन करना।

---

बोधात्मक प्रश्न

Question 1.
कवि ने श्रीकृष्ण भगवान का रूपक किससे किया है और क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- अपने पिता केसवराय से
- पिता संतान का दुःख स्वभाव से ही हरने वाला होता है।

---

Question 2.
जिस संदेश को न तो कागज पर लिखा जा सकता है और न ही किसी से कहा जा सकता है। उसे नायक स्वयं ही कैसे समझ सकता है?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- विरह की अग्नि जिस प्रकार नायिका के हृदय में जल रही है उसी प्रकार ही नायक के हृदय में जल रही है
- दुःखी हृदय ही दूसरे के हृदय के दुःख को समझ सकता है।

---

Question 3.
'सौंहे करै भौहनि हँसे दैन कहैं नटि जाइ' के भाव-सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- राधा और कृष्ण के वीच हास-परिहास का चित्रण है
- राधा नहीं चाहती कि कृष्ण शीघ्र जाएँ
- मुरली माँगने पर राधा हँसने लगती है
- मुरली माँगने पर वह साफ मुकर जाती है
- राधा कृष्ण की उपस्थिति में संयोग का आनंद ले रही है।

---

Question 4.
सच्चे मन में राम बसते हैं। कबीर ने यह बात किस प्रकार बताई है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- कबीर का मानना है कि बाहरी दिखावा करने से भगवान नहीं मिलते
- भगवान उसी को प्राप्त होते हैं जिसका हृदय सरल होता है
- ईश्वर भक्ति का नाटक करने वाले स्वयं भ्रम में रहते हैं।

---

Question 5.
'मनौ नीलमणि-सैल पर आतपु पर्यो प्रभात' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- कृष्ण के रूप-सौंदर्य का चमत्कारी वर्णन है
- कृष्ण के श्यामल शरीर के लिए नीलमणि उपमान का प्रयोग है
- कृष्ण के पीतांबर के लिए प्रभातकाली धूप उपमान को चुना है।

---

Question 6.
'जगतु तपोवन सौ कियो दीरघ-दाघ निदाघ' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- वन्य जीवों का ग्रीष्म के प्रचंड प्रभाव से कातर होकर परस्पर वैरभाव को भुलाकर एकत्र रहने का वर्णन है
- मुसीबत में सभी को अपने प्राणों की चिंता रहती है
- मुसीबत के समय शत्रु भी अपनी शत्रुता भूल जाता है।

---